# परिसर परिक्रमा

विशेष संस्करण 2022–2023

## हिंदी दिवस–काव्य–पाठ प्रतियोगिता : 14.09.2022

महाविद्यालय में 14 सितम्बर 2022 को प्राचार्या श्रीमती रीटा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में 'हिंदी दिवस' मनाया गया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. कविता रानी के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में काव्य–पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा की महता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। प्राचार्या रीटा गुप्ता ने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि 14 सितंबर 1941 में संविधान सभा में हिंदी को एक अधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। प्राचार्या जी ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. रेणुका ध्यानी व डॉ. राजवीर कौशिक उपस्थित रहे।

काव्य–पाठ प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा:

प्रथम स्थान – भूपेन्द्र शास्त्री प्रथम वर्ष
द्वितीय स्थान–अनुराग शास्त्री प्रथम वर्ष
तृतीय स्थान – रिहांश शास्त्री प्रथम वर्ष

## 'राष्ट्रीय एकता दिवस' सरदार वल्लवभाई पटेल जयन्ती : 31.10.2022

श्रीमाता मनसा देवी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, पंचकूला में दिनांक 31अक्टूबर 2022 को 'सरदार वल्लवभाई पटेल जयन्ती' के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया जिसके अन्तर्गत प्रातः काल एक दौड का आयोजन किया गया । इस दौड़ में सभी विद्यार्थियो ने भाग लिया तथा सरदार पटेल जी के योगदान व उपलब्धियों को याद किया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सहित देश की एकता, अखण्डता एवम् सुरक्षा की शपथ ग्रहण की गई ।



## Inauguration of Gym





## संस्कृत भाषा रोजगारपरक – विशिष्ट व्याख्यान :17.09.2022

महाविद्यालय में दिनांक 17.09.2022 को प्लेसमेंट सेल व संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान से एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया । मुख्य वक्ता के रुप मे डॉ. शिल्पा पाण्डेय, भाषा–अधिकारी पंजाब नैशनल बैंक रही । उन्होनें विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा में 'रोजगार' विषय पर व्याख्यान दिया । सभी विद्यार्थियों ने ध्यानपुर्वक व्याख्यान को सुना व अन्त में प्रश्न भी किए । मैडम शिल्पा जी ने सभी प्रश्नों का उत्तर सहज भाव दिया । श्री मती रीटा गुप्ता, प्राचार्या महाविद्यालय ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया ।



## राष्ट्रीय खेल दिवस–29.08.2022

महाविद्यालय मे दिनांक 29.08.2022 को "राष्ट्रीय खेल दिवस" के उपलक्ष्य में खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें दो टीमें बनाई गई।

प्रथम स्थान – टीम A – कप्तान विक्की
द्वितीय स्थान – टीम B – कप्तान रितिक



इस अवसर पर डॉ. रेणुका (अंग्रजी–विभाग), डॉ. डेजी रानी (शारीरिक–विभाग) डॉ. राजबीर कौशिक व डॉ. पुष्पा रानी (संस्कृत–विभाग) से उपस्थित रहे। डॉ. डेजी रानी ने सभी विद्यार्थियों को खेलों के बारे में बताया तथा खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

## अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस : 21.06.2022

महाविद्यालय में दिनांक 21 जून , 2022 को अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । इस अवसर पर डॉ. मनोज वत्स जी Assistant Superintendent Collage–5 पंचकूला से महाविद्यालय में पधारे । उन्हीं के निरीक्षण में योग किया गया । महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रीटा गुप्ता जी के साथ–साथ अंग्रेजी विभाग से डॉ. रेणुका ध्यानी , संस्कृत विभाग से डॉ. राजबीर कौशिक व डॉ. पुष्पा रानी , शारीरिक विभाग से डॉ. डेजी रानी , हिन्दी विभाग से डॉ. कविता रानी उपस्थित रहे । महाविद्यालय के छात्रों के साथ साथ गुरुकुल पंचकूला से आए हुए छात्रों ने भी योग किया । डॉ. मनोज जी ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए सभी को योग अपनाने के लिए कहा । अंत में सभी को महाविद्यालय की ओर से फल वितरित किये गये । कार्यक्रम के अन्त में पौधा रोपण किया गया ।



## "स्व उद्यमी बाजार"

महाविद्यालय में शुक्रवार को "स्व उद्यमी बाजार का उद्धाटन मुख्य अतिथि डा.रीचा राठी एसडीएम (पंचकुला) द्वारा किया गया । श्री माता मनसा देवी संस्कृत राजकीय महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रीटा गुप्ता के दिशा निर्देशन में तथा डॉ. रेणुका ध्यानी, संयोजिका तथा स्टार्टप ऑफ चाम्बर ऑफ कामर्स (एसएसीसी) की मुख्य कार्यकर्ता डॉ. तनुश्री चंद्रा एवं उनके सहयोगी पंकज के द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की निर्विघ्न समाप्ति के लिए हवन का आयोजन डॉ. राजवीर कौशिक के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस स्टार्ट–अप बाजार में हरियाणा के छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों की बिक्री करने वाले स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉल पर हैंडमेड कॉफी, कपड़े, डिजाइनर हैंडमेड होम डेकॉर प्रॉडक्ट्स, हाथ से पिसे मसाले, अचार, गेम्स, फ्रूट चाट और अन्य सामान की स्टॉल लगाई । इस प्रदर्शनी व बिक्री समारोह " स्व उद्यम बाजार" में 250 से अधिक लोगों ने भ्रमण किया । मुख्य अतिथि डॉ. रीचा राठी ने छात्रों की प्रदर्शनी को देखते हुए कहा कि उनकी बिक्री, विपणन व बातचीत कौशल को देखना उत्साहजनक था । उन्होंने कहा कि ये उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल है और इनका उपयोग भी वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की एक महत्वपूर्ण आवश्कता हैं। एवं माता मनसा देवी संस्कृत महाविद्यालय कि प्रधानाचार्या ने छात्रों के प्रदर्शनी को देखते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवं भविष्य में निरंतर ऐसे कार्य करने की प्रेरणा दी ।







## प्रतिभा खोज प्रतियोगिता : 29–30.09.2022

श्री माता मनसा देवी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में दिनांक 29–30.10.2022 को 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत अनेक प्रतियोगिताएँ हुई। जिन प्रतियोगिताओं के नाम निम्न प्रकार से है:–

1. भाषण प्रतियोगिता
2. गीतगान प्रतियोगिता
3. नकल प्रदर्शन प्रतियोगिता
4. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
5. नृत्य प्रतियोगिता
6.श्लोगन लेखन प्रतियोगिता
7. कविता प्रतियोगिता
8. मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता
9 श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता ।

इन सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थीयो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

**1.भाषण प्रतियोगिता:–**
प्रथम स्थान – अनुराग सैनी
द्वितीय स्थान – रिहांश

**2. गीतगान प्रतियोगिता:–**
प्रथम स्थान – गौरव गोतम
द्वितीय स्थान – गौरव शर्मा
तृतीय स्थान – भूपेन्द्र कुमारीया
तृतीय स्थान – सुमित

**3. नकल प्रदर्शन प्रतियोगिता:–**
प्रथम स्थान – विष्णु

**4. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता:–**
प्रथम स्थान – A भूपेन्द्र कुमारिया, पुष्पेन्द्र, एवं सौरभ
द्वितीय स्थान – B रितिक, श्यामनन्दन एवं दीपक
तृतीय स्थान – C खुशी, दिव्या एवं प्रियका
–D नेहा , सुमित एवं आशीष

**5. नृत्य प्रतियोगिता:–**
प्रथम स्थान – कविता
द्वितीय स्थान – अंजलि
तृतीय स्थान – नेहा

**6. कविता प्रतियोगिता**
प्रथम स्थान – कविता
द्वितीय स्थान – भूपेंद्र
तृतीय स्थान – अंजलि

**7. श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता:–**
प्रथम स्थान– अभिषेक
द्वितीय स्थान – भूपेंद्र कुमारीया
तृतीय स्थान – दिव्या

निर्णायक मंडल के रूप में महाविद्यालय के अंग्रेजी–विभाग से डॉ0 रेणुका ध्यानी, शारीरिक–विभाग से डॉ0 डेजी रानी, संस्कृत– विभाग से डॉ0 राजवीर कौशिक व डॉ0 पुष्पा , राजनीति शास्त्र विभाग से यामिनी वर्मा उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रीता गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को बहुत–बहुत शुभकामनाएं दी एवं विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी । उन्होंने कहा अपने जीवन में कठोर परिश्रम करो स्वयमेव आपको सफलता प्राप्त होगी ।


Published and Printed by : SMMD Government Sanskrit Mahavidyalaya, Panchkula (Haryana)
Patron : Mrs Reeta Gupta, Principal and DHEO, Panchkula
Conceptualized and Coordinated by : Dr Renuka Dhyani, Associate Professor, Department of English
Photos and Typing : Mr Amit & Mrs Mamta
Student Editors : Kavita (Shastri -1) & Bhupender (Shastri - 1)